Series : KN5ML

SET-3

प्रश्न-पत्र कोड 3/5/3

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

{}

नोट :

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **15** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)

# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

सामान्य निर्देश :

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***15*** *प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में* **चार** *खंड हैं –* ***खंड-क, ख, ग, घ*** *।*

*(iii)* ***खंड-क*** *में कुल* ***2*** *प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या* ***10*** *है ।*

*(iv)* ***खंड-ख*** *में कुल* ***4*** *प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या* ***20*** *है ।*

*(v)* ***खंड-ग*** *में कुल* ***5*** *प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या* ***21*** *है ।*

*(vi)* ***खंड-घ*** *में कुल* ***4*** *प्रश्न हैं ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है, यद्यपि, कुछ खंडों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*(viii)* *यथासंभव* ***सभी*** *खंडों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – क

## (अपठित बोध) **(14)**

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

भारत में कहानियों की सुदृढ़ परंपरा रही है । कहानियाँ आनंद प्रदान करने के साथ-साथ, बच्चों के चिंतन को विस्तार देती हैं, उनमें कल्पनाशीलता जगाती हैं तथा उनके समझ के क्षितिज को विस्तृत करती हैं । पंचतंत्र तथा जातक कथाएँ हज़ारों साल से हमारे समाज में लोकप्रिय रही हैं । पंडित विष्णु शर्मा रचित पंचतंत्र की गिनती दुनिया की श्रेष्ठतम बाल कथाओं में की जाती है । इन कथाओं में नैतिक मूल्य निहित हैं । आज दुनियाभर के शिक्षाशास्त्री तथा बाल-मनोविज्ञानी इस बात को स्वीकार करते हैं कि बच्चों के कल्पना जगत में पशु-पक्षियों का अप्रतिम स्थान होता है । वे स्वाभाविक रूप से इनकी ओर आकृष्ट रहते हैं । जानवरों की दुनिया में उनमें रुचि, कौतूहल तथा

जिज्ञासा होती है । पंचतंत्र की कहानियों में पशु-पक्षियों में उसी तरह से संवाद होता है जैसे कि मानव समाज में होता है । इन कहानियों के माध्यम से सच्चाई, त्याग, क्षमा, करुणा, स्नेह जैसे मानवीय मूल्यों को संप्रेषित करने की कोशिश की गई है । ये सभी मूल्य मानव समाज के लिए नितांत जरूरी हैं । इन कथाओं के माध्यम से वास्तव में बालमन में जीवन मूल्यों का बीजारोपण होता है ।

पंचतंत्र की कहानियाँ पाँच खंडों में विभक्त हैं, जिन्हें तंत्र कहा गया है । पाँच तंत्रों के समावेश के कारण इन्हें पंचतंत्र कहा गया । आज से करीब दो हज़ार साल पहले लिखी गयी पंचतंत्र की कहानियाँ कालजयी हैं । माना जाता है कि यह दुनिया की सर्वाधिक भाषाओं में अनूदित भारतीय साहित्य है । हमारे देश में विद्यालयीन स्तर पर हिन्दी, संस्कृत तथा अंग्रेजी की किताबों में ये कहानियाँ हमेशा से पाठ्यक्रम का हिस्सा रही हैं । दुनिया के अन्य देशों में भी इन कहानियों को उतना ही आदर प्राप्त है, जितना हमारे देश में है ।

(i) पंचतंत्र और जातक कथाओं की समाज में लोकप्रियता का आधार है – 1

(A) सहज सरल भाषा में जीवन-मूल्य संप्रेषित करना

(B) पशु-पक्षियों के माध्यम से जीवन-मूल्य संप्रेषित करना

(C) बच्चों और बड़ों को आनंद प्रदान करना

(D) बाल मनोविज्ञान का सुंदर चित्रण करना

(ii) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए : 1

**कथन** : पंचतंत्र की कहानियों को दुनिया के अनेक देशों में आदर प्राप्त हैं ।

**कारण** : पंचतंत्र की कहानियों के माध्यम से सच्चाई, त्याग, क्षमा, करुणा, स्नेह जैसे जीवन-मूल्यों को संप्रेषित करने की कोशिश की गई है ।

विकल्प :

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(iii) 'बच्चों के मानसिक विकास के लिए कहानियों का महत्त्वपूर्ण स्थान है ।' – इस कथन के समर्थन में उचित विकल्प का चयन कीजिए : 1

(I) बच्चों की चिंतन क्षमता का विकास होता है ।

(II) बच्चों का शारीरिक विकास होता है ।

(III) बच्चों की कल्पना शक्ति का विकास होता है ।

(IV) बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास होता है ।

विकल्प :

(A) कथन (I) और (II) सही हैं ।

(B) कथन (I), (II) और (III) सही हैं ।

(C) कथन (I), (III) और (IV) सही हैं ।

(D) केवल कथन (IV) सही है ।

(iv) पशु-पक्षियों की कहानियाँ बच्चों को क्यों लुभाती हैं ? 2

(v) 'आज से करीब दो हज़ार साल पहले लिखी गयी पंचतंत्र की कहानियाँ कालजयी हैं' – पंक्ति का क्या आशय है ? 2

2. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

तुम्हें पता है ?

धरती माँ की काया यों तो
कोरा पत्थर है, माटी है ।
ऊँचे पर्वत जैसा माथा
गहरे मन जैसी घाटी है
समतल ये मैदान कि जैसे गोद हमारी माता की है
दूध धार-सी नदियाँ हैं ।
माणिक मोती जैसे रत्नों की मंजूषा है फैला सागर ।
पर क्या तुमने इस काया के बंजर देखे ?
भुनती तपती रेत भभकती भट्टी जैसी ?
तुमने मुझे जहाँ से काटा,
खोदा और उखाड़ा जड़ से
वंशनाश कर मुझे मिटाया ।
अब बोलो, कैसे लगता है ?
वहाँ कभी रहने बसने को मन करता है
उस बंजर में – उस मरुस्थल में ?
रुको, रुको सोचो, क्षण भर रुको ।
मैं अपनी धरती माता का रक्षा-कवच
वृक्ष हूँ भाई ! मुझे न काटो
मैं तुम्हारा वृक्षमित्र हूँ ।

(i) इस कविता का वर्ण्य विषय क्या है ? 1

(A) देश–प्रेम

(B) प्रकृति–प्रेम

(C) मरुस्थल

(D) धरती माँ

(ii) उपर्युक्त कविता हमें धरती के प्रति कैसी भावना रखने के लिए प्रेरित करती है ? इस प्रश्न के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : 1

(I) सम्मान की भावना

(II) कृतज्ञता की भावना

(III) रक्षा की भावना

(IV) परोपकार की भावना

**विकल्प :**

(A) कथन (I) और (II) सही हैं ।

(B) कथन (I), (II) और (III) सही हैं ।

(C) कथन (I), (III) और (IV) सही हैं ।

(D) केवल कथन (IV) सही है ।

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए : 1

**कथन** : रत्नों की मंजूषा है फैला सागर ।

**कारण** : सागर न केवल पानी का विशाल स्रोत है, बल्कि यह भोजन, खनिज, रत्न, ऊर्जा और परिवहन का भी एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है ।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(iv) 'धरती माँ की काया यों तो, कोरा पत्थर है, माटी है' – पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। **2**

(v) धरती माँ का कवच किसे और क्यों कहा गया है ? **2**

## खंड – ख

### (व्यावहारिक व्याकरण) **(16)**

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) दो दिन लगातार वर्षा हुई और सर्वत्र पानी भर गया। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ii) बच्चों के शोर मचाने पर पक्षी उड़ गए। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(iii) महात्माजी का प्रभावपूर्ण प्रवचन सुनकर लोग नतमस्तक हो गए। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(iv) जो अपने आस-पास सफ़ाई रखते हैं, वे सदा स्वस्थ रहते हैं। (वाक्य-भेद लिखिए)

(v) जिस छात्र ने सबसे अधिक परिश्रम किया था, वही प्रथम आया है। (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) माता-पिता ने उसको अच्छे संस्कार देने का प्रयास किया। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ii) किसके द्वारा घड़ी चुराई गई थी ? (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(iii) वह दौड़ नहीं सकता। (भाववाच्य में बदलिए)

(iv) उस बेचारी से तो बैठा भी नहीं जाता। (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए)

(v) सुमन ने अच्छी कविता लिखी है। (कर्मवाच्य में बदलिए)

5. निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) भारतीय सैनिक रणक्षेत्र में वीरता दिखाते हैं ।

(ii) गंगा का पानी प्रदूषित हो रहा है ।

(iii) शुक्ल पक्ष में चाँद निरंतर बढ़ता है ।

(iv) लड़के सवेरे व्यायाम करने चले गए ।

(v) वाह ! तुमने 'ए' ग्रेड प्राप्त किया ।

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों की रेखांकित काव्य-पंक्तियों में अलंकार पहचानकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) मानों झूम रहे हैं तरु भी मंद पवन के झोकों से ।

(ii) जो नत हुआ, वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झरकर कुसुम ।

(iii) हाय ! फूल-सी कोमल बच्ची हुई राख की ढेरी ।

(iv) पंखुरी लगे गुलाब की, परि है गात खरौंट ।।

(v) एक राम घनस्याम हित चातक तुलसीदास ।।

## खंड – ग

### (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) (30)

7. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

उसकी स्मृति पाथेय बनी है थके पथिक की पंथा की ।
सीवन को उधेड़ कर देखोगे क्यों मेरी कंथा की ?
छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ आज कहूँ ?
क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ ?
सुनकर क्या तुम भला करोगे मेरी भोली आत्मकथा ?
अभी समय भी नहीं, थकी सोई है मेरी मौन व्यथा ।

(i) 'उसकी स्मृति पाथेय बनी है' पंक्ति में कवि ने किसकी स्मृति को अपना 'पाथेय' बनाया है ?

(A) अपनी आत्मकथा को ।

(B) अपने मित्रों की यादों को ।

(C) अपनी परिवार की यादों को ।

(D) अपनी प्रेयसी की यादों को ।

(ii) 'कंथा' शब्द का प्रयोग कवि ने किसके लिए किया है ?

(A) कठिनाइयों के लिए

(B) पत्नी के लिए

(C) अंतर्मन के लिए

(D) अपने जीवन के लिए

(iii) कवि अपनी व्यथा को मौन ही रखना चाहता है, क्यों ? इस प्रश्न के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए –

(I) व्यथा जागेगी तो पीड़ा पहुँचाएगी ।

(II) दुखद अतीत को याद कर और दुखी नहीं होना चाहते ।

(III) अपने जीवन में कोई महान उपलब्धि नही प्राप्त की ।

(IV) वे दूसरों की आत्मकथा को महत्त्व देना चाहते हैं ।

**विकल्प :**

(A) कथन (I) और (II) सही हैं ।

(B) कथन (I), (II) और (III) सही हैं ।

(C) कथन (I), (II) और (IV) सही हैं ।

(D) केवल कथन (IV) सही है ।

(iv) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए :

**कथन :** कवि ने अपने जीवन को बहुत छोटा कहा है ।

**कारण :** स्वभाव की विनम्रता के कारण वह अपने जीवन को साधारण मानते थे ।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(v) 'छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ आज कहूँ' – इस पंक्ति से जयशंकर प्रसाद के स्वभाव के बारे में क्या पता चलता है ?

(A) वे बहुत बड़े साहित्यकार नहीं थे ।

(B) वे बहुत सरल थे, उनको अहंकार नहीं था ।

(C) वे बहुत कम उम्र के कवि थे ।

(D) उन्होंने साहित्य जगत में अभी प्रवेश किया था ।

8. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में दीजिए : **$3 \times 2 = 6$**

(i) गोपियाँ उद्धव की बातें सुनकर निराश क्यों हो गईं ? 'सूरदास के पद' के आधार पर लिखिए ।

(ii) 'राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद' में लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या विशेषताएँ बतलाई हैं ?

(iii) 'उत्साह' कविता में कवि ने बादलों से गरजने का आह्वान क्यों किया है ? स्पष्ट कीजिए ।

(iv) 'संगतकार' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसकी भूमिका पर कविता के संदर्भ में प्रकाश डालिए ।

9. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

यों खेलने को हमने भाइयों के साथ गिल्ली-डंडा भी खेला और पतंग उड़ाने, काँच पीसकर माँजा सूतने का काम भी किया, लेकिन उनकी गतिविधियों का दायरा घर के बाहर ही अधिक रहता था और हमारी सीमा थी घर । हाँ, इतना ज़रूर था कि उस ज़माने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती थीं, बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं । इसलिए मोहल्ले के किसी भी घर में जाने पर कोई पाबंदी नहीं थी, बल्कि कुछ घर तो परिवार का हिस्सा ही थे । आज तो मुझे बड़ी शिद्दत के साथ यह महसूस होता है कि अपनी ज़िंदगी खुद जीने के इस आधुनिक दबाव ने महानगरों के फ्लैट में रहने वालों को हमारे इस परंपरागत 'पड़ोस कल्चर' से विच्छिन्न करके हमें कितना संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया है ।

(i) लेखिका के भाइयों की गतिविधियों का दायरा घर के बाहर था, क्योंकि –

(A) उनकी गतिविधियाँ घर में संपन्न नहीं हो सकती थीं ।

(B) पतंग और गिल्ली-डंडा का खेल घर से बाहर का था ।

(C) घर से बाहर उनकी गतिविधियों पर कोई नियंत्रण नहीं था ।

(D) पारिवारिक परंपरा के अनुसार लड़कों को बाहर खेलने की स्वतंत्रता थी ।

(ii) लेखिका की गतिविधियों की सीमा घर तक ही क्यों थी ?

(A) वे डरपोक स्वभाव के कारण घर की सीमा में ही रहती थीं ।

(B) घर से बाहर के खेल उन्हें पसंद नहीं थे ।

(C) पिताजी को लड़कियों का घर से बाहर निकलना नापसंद था ।

(D) लड़कियों के लिए उस समय घर के बाहर की दुनिया सीमित थी ।

(iii) 'पड़ोस कल्चर' के न पनपने का कारण है –इस कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए –

(I) अपनी ज़िंदगी खुद जीने का आधुनिक दबाव

(II) फ़्लैटों में रहने की विवशता

(III) स्वार्थी मनोवृत्ति का प्रभुत्व

(IV) बौद्धिकता की प्रबलता

**विकल्प :**

(A) कथन (I) और (II) सही हैं ।

(B) कथन (I), (II) और (III) सही हैं ।

(C) कथन (I), (III) और (IV) सही हैं ।

(D) केवल कथन (IV) सही है ।

(iv) परंपरागत 'पड़ोस कल्चर' के विच्छिन्न होने के दुष्परिणाम हैं –

(A) स्वार्थ भाव प्रबल हो गया है ।

(B) हम संकुचित और असहाय हो गए हैं ।

(C) पारस्परिक प्रेमभाव कमज़ोर पड़ रहा है ।

(D) हम फ़्लैटों में रहने लगे हैं ।

(v) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए :

**कथन** : उस जमाने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती थीं, बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं ।

**कारण** : आपसी प्रेमभाव के कारण पूरे मोहल्ले में पारिवारिक संबंध थे ।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

10. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **$3 \times 2 = 6$**

(i) नेताजी की प्रतिमा पर कैसा चश्मा लगा था ? प्रतिमा वाले पत्थर का चश्मा न लगा होने के कारणों को पठित पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ii) 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर लिखिए कि संगीत के कार्यक्रम में भगत और उनकी मंडली किन-किन वाद्य यंत्रों को बजाया करती थी और उनके वादन-गायन की गति कैसी होती थी ?

(iii) 'लखनवी अंदाज़' कहानी के पात्र नवाब साहब के व्यवहार पर आप अपने विचार लिखिए ।

(iv) 'नौबतखाने में इबादत' पाठ में बिस्मिल्ला खाँ की तुलना कस्तूरी मृग से क्यों की गई है ?

11. पूरक पाठ्य-पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **$2 \times 4 = 8$**

(i) साँप को देखने के बाद भयभीत भोलानाथ का अपनी माँ के आँचल में छिपने का क्या कारण रहा होगा ? 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर लिखिए । संकट के समय आप किसके पास जाते हैं और क्यों ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

(ii) 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ की लेखिका को कुटिया के भीतर घूमते चक्र को देखकर किस प्रकार की अनुभूति हुई ?

(iii) लेखक की आभ्यांतर विवशता क्या होती है ? आंतरिक विवशता के अतिरिक्त लेखन कर्म करने के बाहरी कारकों का उल्लेख कीजिए । 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए ।

## खंड – घ

### (रचनात्मक लेखन) **(20)**

12. (i) स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और इसके प्रचार के लिए सरकार की ओर से लगभग **40** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **1 × 4 = 4**

**अथवा**

(ii) आप रजनी/राजेश हैं। आपके मित्र को तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। आप उसे बधाई देते हुए लगभग **40** शब्दों में एक बधाई एवं शुभकामना संदेश लिखिए।

13. निम्नलिखित **तीन** विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **1 × 6 = 6**

(i) साइबर सुरक्षा : जागरूकता ही समाधान

- साइबर सुरक्षा का अर्थ
- वर्तमान में चर्चा का कारण
- जागरूकता का प्रभाव

(ii) स्वस्थ जीवन–शैली

- स्वस्थ जीवन–शैली की आवश्यकता
- स्वस्थ आदतें जिनका पालन किया जाना चाहिए
- स्वस्थ जीवन–शैली के लाभ

(iii) एक यादगार पारिवारिक अवकाश

- कैसे मनाया ?
- यादगार क्यों है ?
- पारिवारिक अवकाश का महत्त्व

14. (i) आप श्रेया/श्रेयस हैं । विवाह-शादियों में हो रहे अनावश्यक खर्चों की रोकथाम के लिए जागृति फैलाने हेतु किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए । $\mathbf{1 \times 5 = 5}$

**अथवा**

(ii) आप श्रेया/श्रेयस हैं । आपने छुट्टियों में देहरादून और उसके आसपास के भ्रमण का आनंद उठाया । इस कार्य में देहरादून में रहने वाले आपके मित्र/सहेली ने आपको पहाड़ी स्थलों को दिखाया और पहाड़ी संस्कृति से भी परिचय कराया । उसे धन्यवाद देते हुए लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए ।

15. (i) आप रजनी/राजन हैं । आपने बी.बी.ए. किया है । साथ ही किसी प्रतिष्ठित संस्थान से प्रबंधन में एम.बी.ए. भी किया है । अ.ब.स. कंपनी में प्रबंधक (मैनेजर) का पद रिक्त है । आप उस पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं । इसके लिए लगभग **80** शब्दों में अपना एक स्ववृत्त लेख तैयार कीजिए । $\mathbf{1 \times 5 = 5}$

**अथवा**

(ii) आप रजनी/राजन हैं । आपने ऑनलाइन कुछ पुस्तकें मँगवाईं थीं, लेकिन पुस्तकें आपके ऑर्डर के अनुरूप नहीं आईं हैं । इसकी शिकायत करते हुए प्रबंधक महोदय को लगभग **80** शब्दों में एक ई-मेल लिखिए ।

---